Title: Demand to make available medical facilities at hundred most backward districts in the country.

श्री राजीव प्रताप रूडी : उपाध्यक्ष महोदय, सारण जिला भारत सरकार द्वारा चयनित उन सौ जिलों में से एक है जो सबसे पिछड़ा हुआ है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में तो सर्वाधिक पिछड़ा है। वहां के मुख्य चिकित्सालय में न ऑपरेशन थियेटर है, न ऑपरेशन थियेटर टेबल है, न ऑपरेशन की व्यवस्था है, न ब्लड बैंक है, न एक्सरे मशीन है और न ही जनरेटर है। स्वास्थ्य की मौलिक सुविधाएं भी स्वास्थ्य केन्द्र के कमिश्नरी हैडक्वार्टर में उपलब्ध नहीं हैं। मंत्री जी सदन में बैठे हैं। मैं अनुरोध करूंगा कि भारत सरकार की तरफ से कोई ऐसी योजना बनाई जाए ताकि इस देश के जो सौ पिछड़े जिले है, उनमें से एक अस्पताल केन्द्र द्वारा सुसज्जित हो ताकि स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। Sir, the hon. Minister wants to respond.

MR. DEPUTY-SPEAKER: No, he has noted your point. If he does not want to respond, I cannot do anything.